**OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR**

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** 9893076404

# Rojgaar Mela 9th March 2021




## तुलसी महाविद्यालय में रोजगार मेला 9 मार्च को

**अनूपपुर** /मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग विवेकान्द कैरियर प्रभाग के निर्देषन में प्रदेश के चयनित महाविद्यालयों में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में जिला रोजगार मेले का आयोजन 9 मार्च 2021 को किया जा रहा है। चन्द्रमोहन ठाकुर कलेक्टर ने सभी विभागों, कम्पनियों एवं औद्योगिक उपक्रमों से अपेक्षा की है कि निर्धारित तिथि एवं स्थान में अपने यहां आवश्यकतानुसार रिक्त पदों रोजगार के अवसरों की जानकारी के साथ उपस्थित हों तथा जिले की महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं एवं जरूरतमंद लाभ लें। रोजगार मेला स्थल के प्राचार्य प्रो0 परमानंद तिवारी ने बताया है कि महाविद्यालय के परिसर में रोजगार मेलें के आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है तथा उन्होंने अधिकाधिक कम्पनियों, उपक्रमों और संस्थाओं के साथ छात्रों के प्रतिभागिता की अपील की है।




## शासकीय तुलसी महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन



**अनूपपुर संवाददाता**

**अनूपपुर।** अनूपपुरजिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर में स्वामी विवेकानंद कैरिएर मार्गदर्शन योजना द्वारा दिनांक 9 मार्च 2021 को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कलेक्टर श्री चंद्रमोहन ठाकुर ने किया। इस मेले में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में सैंकड़ों युवाओं ने रोजगार के लिए पंजीयन कराया। कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी ने किया एवं संचालन डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय ने किया। संयोजन विनोद कुमार कोल ने किया। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापकगण एवं विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र उपस्थित रहे।

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

# OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** ☎9893076404









PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

**OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR**

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** 9893076404


# Rojgaar Mela 17 November 2022


कार्यालय प्राचार्य शासकीय तुलसी अग्रणी महाविद्यालय

जिला—अनूपपुर (म०प्र०)

e-mail: hegtdcano@mp.gov.in 9893076404


## प्रतिवेदन

**रोजगार मेला आयोजन -दिनांक -17/11/2022**

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर , जिला – अनूपपुर (म. प्र) में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग , स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के पत्र क्रमांक 351 /160/विवेकानंद /2022 भोपाल , दिनांक – 23/09/2022 के निर्देशानुसार योजना क्रमांक 6915 के अन्तगर्त एक दिवसीय कैरियर अवसर मेले का आयोजन 17 नवम्बर 2022 को प्रातः 10 : 30 बजे महाविद्यालय प्रांगण में माननीय कलेक्टर महोदया के संरक्षण एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जे . के . संत के मार्गदर्शन में किया गया |

इस मेले का उद्देश्य रोजगार के इक्छुक जिले के समस्त विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध करने / स्वरोजगार की स्थापना में सहयोग करना था |




इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सरोधन सिंह अपर कलेक्टर अनूपपुर रहे | विशिष्ट अतिथि डॉ. डी.पी. शार्मे , प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़और डॉ. आर. एस. वाटे प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय जैतहरी ,जिला–अनूपपुर रहे | कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जे . के . संत द्वारा की गई | इस रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार /स्वरोजगार प्रदान करने वाली कंपनियां सम्मिलित हुई जिनमे प्रमुख रूप से सहायक संचालक उद्यान विभाग अनूपपुर , नव किसान बायो प्लांटेक जबलपुर , वेलस्पन , मिंडा साईं , प्रीमियर लिमिटेड , आईसेक्ट पी.एम.के. के. अनूपपुर , लर्नेट स्किल लिमिटेट अनूपपुर , आर – सेटी अनूपपुर और रिलाएंस जिओ लिमिटेड शहडोल रही | इस रोजगार मेले में लगभग 200 से अधिक छात्र / छात्राओ ने भाग लिया और अपनी रूचि एवं योग्यता के अनुसार विभिन्न कंपनियों में अपना रजिस्ट्रेशन कराया

इस रोजगार मेले का शुभारंभ अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया और अतिथियों का स्वागत प्राचार्य के द्वारा किया गया और साथ ही छात्र / छात्राओ को इस करियर अवसर मेले का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया |

नोडल अधिकारी
एस.वी.सी.जी. सेल
शा. तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

**OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR**

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** 9893076404




इस रोजगार मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाली कंपनियों का परिचय स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन के प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. विनोद कुमार कोल के द्वारा कराया गया | कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर महोदय ने कहा कि रोजगार / स्वरोजगार के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह एक अच्छा अवसर है कि वे अपने महाविद्यालय परिसर में ही उपस्थित कंपनियों में से अपनी रूचि के अनुसार अपना जॉब प्राप्त कर सकते है |



इस रोजगार मेले में रिलायंस जियो लिमिटेड शहडोल के प्रतिनिधि के रूप में श्री आशीष मिश्रा उपस्थित रहे | और उन्होंने बताया की उनकी कंपनी के द्वारा कुल 22 विद्यार्थियों का चयन अंतिम चरण के लिए किया गया है इसी प्रकार से वेलस्पन, मिंडा ,प्रीमियर और डिस्टिल एजुकेशन लिमिटेड अनूपपुर के प्रतिनिधि श्री चन्दन गुप्ता ने बताया कि उनकी कंपनी ने अंतिम चरण के लिए कुल 38 विद्यार्थियों का चयन किया है | इसी प्रकार आईसेट




पी.एम.के .के . अनूपपुर के प्रतिनिधि श्री रमन शुक्ला द्वारा अंतिम चरण के लिए कुल 22 विद्यार्थियों का चयन किया गया | इसी प्रकार आर-सेटी ( ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ) अनूपपुर के प्रतिनिधि के रूप सम्मलित हुए श्री पवन कुमार पांडेय ने बताया कि उनकी कंपनी ने कुल 3 9 विद्यार्थियों का चयन अंतिम चरण के लिए किया है | नव किसान बायो प्लांटेक लिमिटेड जबलपुर के द्वारा कुल 02 विद्यार्थियों का अंतिम चरण के लिए चयन किया गया |इस कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में श्री राजेश कुमार पटेल रोजगार मेले में सम्मिलित हुए | लेर्नेंट स्किल लिमिटेड अनूपपुर के प्रतिनिधि के रूप में श्री मोहम्मद शकील

नोडल अधिकारी
एस.वी.सी.जी. सेल
शा. तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur

# OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** 9893076404


सम्मिलित हुए और उनकी कंपनी के द्वारा कुल 23 विद्यार्थियों का चयन अंतिम चरण के लिए किया गया | इसी प्रकार उद्यान विभाग अनूपपुर से श्री अरुण तिवारी सम्मलित हुए और उद्यान विभाग के द्वारा कुल 43 विद्यार्थियों का चयन प्रारंभिक चरण के लिए किया गया गया |



इस प्रकार रोजगार मेले में कुल 180 विद्यार्थियों ने विभिन कंपनियों में अपना रजिस्ट्रेशन कराया और चयन के विभिन्न चरणों में शामिल हुए | इस प्रकार मेले में सम्मिलित हुई क्षेत्र की कंपनियों के द्वारा कुल 146 विद्यार्थियों का चयन अंतिम चरण के साक्षत्कार के लिए चयनित किया गया |

इस कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. स्वेता श्रीवास्तव के द्वारा किया गया और आभार स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना की सहसंयोजक




प्रो. संगीता बासरानी ने व्यक्त किया | इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में ज्ञान प्रकाश पाण्डेय , शाहबाज़ खान , डॉ. देवेन्द्र सिंह बागरी ,डॉ.आकांक्षा राठौर ,डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय ,प्रो. पूनम धांडे, प्रो. कमलेश चावले , डॉ. तरन्नुम सरवत , प्रो. सूरज परवानी , प्रो. राघवेन्द्र सिंह, डॉ. इंद्रा नारायण काछी , प्रो. संजीव द्विवेदी , प्रो. दिवाकर शर्मा , डॉ. नीरज मिश्रा ,डॉ. राकेश सिंह , प्रो. के. सी. सोनी , श्री संतोष सिंह ,विकास खांडे और शेर सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई |

05/12/2022

(प्रो. विनोद कुमार कोल )
प्रकोष्ठ प्रभारी
स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन

(डॉ. जे. के. संत)
प्राचार्य
शासकीय तुलसी महाविद्यालय

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** ☎9893076404


**Department of Higher Education, Madhya Pradesh**

2h ·

## शासकीय तुलसी महाविद्यालय में हुआ रोजगार मेला का आयोजन

**Dr Mohan Yadav**
**Collector Office Anuppur**

## शासकीय तुलसी महाविद्यालय में हुआ रोजगार मेला का आयोजन

**भूमिका संवाददाता, अनूपपुर**





शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के स्वामी विवेकानन्द करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत माननीय कलेक्टर के संरक्षण एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के. संत के मार्गदर्शन में एकदिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सरोधन सिंह अपर कलेक्टर अनूपपुर रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ. डी. पी. शार्मे प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़ और डॉ. आर. एस. बाटे प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय जैतहरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ जे के सन्त द्वारा की गई। इस रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों रोजगार स्वरोजगार प्रदान करने वाली कंपनियां सम्मिलित हुई जिनमें प्रमुख रूप से सहायक संचालक उद्यान अनूपपुर, नव किसान बायो प्लांटेक लिमिटेड जबलपुर, वेलसन, मिंडा साई, प्रीमियर, आइसेक्ट पी.एम.के.के. अनूपपुर, लेनेट स्किल लिमिटेड अनूपपुर, आर सेटी अनूपपुर और रिलायंस जियो लिमिटेड शहडोल रही। इस कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया और अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार विभिन्न कंपनियों में अपना रजिस्ट्रेशन कराया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अपर कलेक्टर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया और अतिथियों का स्वागत प्राचार्य के द्वारा दिया गया। और छात्र छात्राओं इस करियर अवसर मेले का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। रोजगार मेले में उपस्थित कंपनियों का परिचय विवेकानंद करियर मार्गदर्शन के प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. विनोद कुमार कोल के द्वारा कराया गया। अपर कलेक्टर महोदय ने कहा कि रोजगार स्वरोजगार के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह एक अच्छा अवसर है कि वे अपने महाविद्यालय परिसर में ही उपस्थित कंपनियों में से अपनी रुचि के अनुसार अपना जॉब प्राप्त कर सकते हैं। मंच संचालन डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ने किया और आभार सहसंयोजक प्रो. संगीता बासरानी ने व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी, डॉ. आकांक्षा राठौर, डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय, प्रो. कमलेश चावले, प्रो. शाहबाज खान, प्रो. पूनम, डॉ. तरन्नुम सरवत, प्रो. सूरज परवानी, प्रो. राघवेंद्र सिंह, डॉ. इंद्र नारायण काछी, प्रो. संजीव द्विवेदी, प्रो. दिवाकर शर्मा, डॉ. नीरज मिश्रा, डॉ. राकेश सिंह, प्रो. के. सी. सोनी, श्री संतोष सिंह, विकास खांडे और शेर सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

05/12/2022

**नोडल अधिकारी**
**एस.वी.सी.जी. सेल**
**शा. तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)**

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)